सेवा में

श्री नरेन्द्र मोदी जी

प्रधानमंत्री, भारत सरकार

7, लोक कल्याण मार्ग नई दिल्ली 110011

**<u>विषय - विश्वकर्मा समाज व आर्टीजन समाज की समस्याओं के विषय में</u>**

महोदय,

भारत सरकार व आपकी सकारात्मक सोच का ही पारिणाम है कि आपने पिछड़ा वर्ग समाज की चिर प्रतीक्षित मांग को साकार रूप देते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जिससे पिछड़ा वर्ग में एक नई उम्मीद की किरण जगी है कि अब उनके साथ न्याय हो सकेगा ! महोदय मैं अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी), जो विश्वकर्मा समाज का राष्ट्रीय संगठन है तथा समस्त विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधित्व करता है, के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री के नाते संस्था के अध्यक्ष से विचार विमर्श करने के बाद आर्टीजन समाज जिसके अंतर्गत समस्त विश्वकर्मा समाज, जुलाहा समाज, प्रजापति समाज, मूर्तिकार व अन्य समाज शामिल हैं की कुछ मूल भूत समस्याओं को आपके समक्ष रखना चाहता हूँ ! यदि इस विषय मं विचार कर सकारात्मक निर्णय लिया जाय तो निश्चित रूप से इस समाज का सामजिक और आर्थिक विकास सम्भव है !

1. केंद्र स्तर और राज्य स्तर पर आर्टीजन डेवेलपमेंट कारपोरेशन का गठन किया जाय तथा आर्टीजन डवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा आर्टीजन समाज के तैयार मॉल की बिक्री सुनिश्चित कराई जाय ताकि उन्हें अपने तैयार माल का उचित दाम मिल सके !
2. परंपरागत व्यवसाय, निर्माण कार्य व सरकारी ठेकों में विश्वकर्माओं व अन्य आर्टीजन समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाय !
3. आर्टीजन समाज को गृह उद्योगों व वर्कशाप आदि के लिए आबंटन एजेंसी से निशुल्क जमीन आबंटन व ब्याज रहित ऋण दिलाने के लिए नीति तैयार की जाय
4. जहाँ भी सरकार व् कोपरेटिव सेक्टर भूमि अधिग्रहण करे वहाँ किसानों को मुआबजा देने के साथ ऐसे लोगों को जिनकी रोजी रोटी भी उसी खेतिहर जमीन से जुड़ी है को भी पुन: स्थापित करने की योजनायें तैयार कर लागू की जानी चाहिए ताकि उन्हें भी अपनी जीविका चलाने में मदद मिले !

उम्मीद है आप इस विषय में सकारात्मक सोच के साथ निर्णय लेंगे तथा देश के विकास में प्रतिबद्ध आर्टीजन समाज की भलाई के लिए कदम उठाएंगे !

धन्यवाद सहित

भवदीय

( यशपाल पांचाल )

राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री